जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ नगर भ्रमण में निकले महाप्रभु जगन्नाथ, निकाली गई रथ यात्रा



## खबर संक्षेप

### तेतला स्कूल में पुलिस की जागरूकता क्लास

**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस ने सड़क सुरक्षा और महिला सुरक्षा को लेकर ग्राम तेतला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यातायात पुलिस और महिला थाना की संयुक्त टीम ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, हेलमेट की अनिवार्यता, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी और डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। यातायात थाना की उप निरीक्षक संध्या रानी कोका, सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे और प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान ने बताया कि तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाना और ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल सड़क हादसों के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं और अपने अभिभावकों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने की अपील की। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के कानूनी परिणामों और वैध ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने बताया कि तेतला क्षेत्र सड़क दुर्घटनाओं की अधिकता के कारण ₹ब्लैक स्पॉट₹ के रूप में चिन्हित है। यदि स्थानीय नागरिक और वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तो इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और भविष्य में इसे ब्लैक स्पॉट की श्रेणी से बाहर लाया जा सकता है।

### डबल मर्डर केस में पुलिस की जांच तेज

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम क्रोंधा देवमारीडांड में बुजुर्ग दंपति के जले हुए शव मिलने के सनसनीखेज मामले में पुलिस जांच तेज कर दी है। हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोप में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का पर्दाफाश किया जा सकता है। मंगल राठिया 65 वर्ष और उनकी पत्नी पुनाई बाई राठिया 55 वर्ष के शव 15 जुलाई की सुबह उनके घर के एक कमरे में जली हुई अवस्था में मिले थे। सबसे पहले घर में काम करने वाले कर्मचारी ने घटना देखी और परिजनों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच के बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों, फॉरेंसिक रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ रही है।

## राजस्व विभाग में कर्मचारियों का टोटा, अटैच होकर फायदा उठा रहे गुरुजी

# एसडीएम ऑफिस संभाल रहे गुरुजी, रायगढ़ और खरसिया में 7-7 व्याख्याता अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्कूलों में पढ़ाई हो या न हो इससे किसी को कोई सरोकार नहीं है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शिक्षा विभाग के गुरुजी रायगढ़ और खरसिया एसडीएम को पूरा संभाल रहे हैं। दोनों कार्यालयों में 7-7 शिक्षक, बाबू और चपरासी अटैच हैं। याने स्कूलों की व्यवस्था भलेहि बिगड़ जाए, लेकिन गुरुजी को अटैच होकर मौज मारना है। हालांकि इस तरह का सिस्टम अभी नहीं बल्कि सालों से चल रहा है। हालात यह है कि राजनीतिक रसूख का फायदा उठाकर चाहे शिक्षक हो चाहे बाबू, एसडीएम, तहसील, जनपद , बीईओ-डीईओ या फिर करीब के दूसरे स्कूलों में अटैचमेंट का फायदा ले रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश कह रहा है, जिसमें करीब 40 शिक्षकों, बाबूओं और चपरासियों का उनके मूल शाला लौटाने का फरमान है। हालांकि जब 14 शिक्षकों की पहली लिस्ट जारी कर उनके मूल संस्था में लौटाया गया था तब हरिभूमि ने बता दिया था कि सूची 50 की बनी थी, लेकिन केवल 14 कर्मचारियों का आदेश जारी किया गया था। यह खबर 15 जुलाई को हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद 15 जुलाई को ही 40 की दोबारा लिस्ट जारी कर शिक्षा विभाग ने शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को उनके मूल शाला में लौटा दिया है। ये बात दीगर है कि जो लोग सालों से अटैच होकर मौज कर रहे हैं वह अब स्कूलों में जाकर बच्चों को पढ़ा पाएंगे या नहीं। खास बात तो यह है कि इसमें व्याख्याता से लेकर प्रधान पाठक तक शामिल हैं। इसमें कोई जनगणना संभाल रहा है तो कोई जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र बना रहा है। एसडीएम, तहसील, जिपं-जनपद, बीईओ-डीईओ और अन्य संस्थाओं में कर्मचारियों का टोटा का फायदा ऐसे गुरुजी उठा रहे हैं। उनको बच्चों को पढ़ाने के बजाए अन्य काम अच्छा लगता है। इसके कारण जब भी मौका मिलता है कहीं न कहीं अटैच हो जाते हैं। हर बार शासन की ओर से अटैचमेंट खत्म करने का फरमान जारी किया जाता है, लेकिन कुछ समय बाद भूल जाते हैं। ऐसे में जो लोग अटैच रहते हैं, फिर से सबंधित विभागों में अटैच हो जाते हैं। इसी तरह का खेल सालों से चलते आ रहा है।






बिलासपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

जहां अटैचमेंट उसमें अधिकांश स्कूल शहर के, केवल 14 को भेजे गए मूल पदस्थापना में

शिक्षा विभाग का गजब खेला, स्कूल ही नहीं जनपद और तहसील में भी कर दिया शिक्षकों का अटैचमेंट

6 कर्मचारी शहर में अटैच

दो प्रधानपाठक एक दूसरे के स्कूलों में गए

### 27 सौ से अधिक शिक्षकों का पद है खाली

इधर स्कूली शिक्षा विभाग की बात करें तो केवल रायगढ़ जिले में ही शिक्षकों का करीब 27 सौ पद खाली है। इसमें सबसे ज्यादा करीब 19 सौ तो केवल आदिवासी ब्लॉकों के स्कूलों में ही खाली है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था कैसी हो सकती है। दूसरी ओर जिनको मौका मिला अपना अटैच करा लिया और दूसरे विभागों में आराम से काम कर रहे हैं। इससे भी स्कूलों की पढ़ाई काफी हद तक प्रभावित होती है, लेकिन विभाग भी राजनीतिक रसूख के आगे बेबस है।

### अन्य विभाग से भी हैं अटैच

ऐसा नहीं है कि केवल शिक्षा विभाग के गुरुजी ही अटैचमेंट का फायदा उठा रहे हैं, अन्य कई विभागों के कर्मचारी भी इसका आनंद ले रहे हैं। इसमें एक सरकारी शब्द प्रतिनियुक्ति का भी कर्मचारी भरपूर लाभ उठाते हैं। प्रतिनियुक्ति के बाद तो लोग हटने का नाम ही नहीं लेते हैं। जिले के कई विभागों में इसका उदाहरण देखा जा सकता है।

### साथ बैठकर पी शराब, फिर विवाद में दोस्त की कर दी हत्या

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र के भकुर्रा गांव में 23 वर्षीय युवक की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद के बाद मृतक के दोस्त ने ही घरेलू शील पत्थर से सिर और गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और डॉग स्क्वॉड की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 12 जुलाई की रात ग्राम भकुर्रा निवासी रामनाथ उर्फ सोनू चौहान 23 वर्ष का शव उसके घर की बरामदे में खून से लथपथ अवस्था में मिला था। शव के पास भारी शील पत्थर पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल से मिले एक गमछे और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने डॉग स्क्वाड की मदद ली। पुलिस डॉग 'रूबी' ने डॉग मास्टर आरक्षक वीरेन्द्र अनंत के साथ जांच के दौरान मृतक के दोस्त भुवनेश्वर यादव की ओर संकेत किया।

## हाथियों का आतंकः 9 घर तोड़े, 10 किसानों की फसल चौपट, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात धरमजयगढ़ वन मंडल और रायगढ़ वन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों के दल ने जमकर नुकसान पहुंचाया। कापू रेंज में 9 ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जबकि अलग-अलग क्षेत्रों में 10 किसानों की फसलों को भी रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का सर्वे कर मुआवजा प्रक्रिया शुरू करने की कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के कापू रेंज में हाथियों ने रात के समय कई गांवों में घुसकर मकानों को निशाना बनाया। इस दौरान गंझूराम कोरवा, रतिराम, अमीरसाय, बुधिराम, सुखदेव, घुरटीबाई और बालकुंवर के घरों को नुकसान पहुंचा। वहीं अलोला गांव में मनीजर किस्पोट्टा और शनि लकड़ा के मकान भी हाथियों के हमले का शिकार हुए। इसके अलावा दिलीप के अहाते को तोड़ते हुए वहां रखा धान खाया और परिसर में खड़ी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

### 97 हाथियों का विचरण, वन विभाग अलर्ट

वन विभाग के अनुसार धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंजों में वर्तमान में 97 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें 36 नर, 41 मादा और 20 शावक शामिल हैं। हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। कापू वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर दिन-रात नजर रखी जा रही है। वन अमला गांव-गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क कर रहा है तथा ग्रामीणों से हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और रात में अकेले जंगल या खेत की ओर नहीं जाने की अपील की जा रही है।

### रायगढ़ वन मंडल में भी बढ़ी सक्रियता

धरमजयगढ़ के अलावा रायगढ़ वन मंडल में भी 56 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। इनमें काटाझरिया क्षेत्र में 17, जुनवानी में 9, कमतरा में 18, पूंजीपथरा में 10 और बटुराकछार में 2 हाथी मौजूद हैं। बीती रात पूंजीपथरा क्षेत्र के तुमिडीह गांव में भी एक हाथी ने किसान की सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया और एक झोपड़ी को तोड़ दिया।

## मोबाइल गिरवी रखने पर भड़का पति, लकड़ी के पट्टे से पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या, 48 घंटे में पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ के मस्जिदपारा में झाड़ियों के बीच बोरी से ढका मिला महिला का शव हत्या का मामला निकला। पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि पत्नी द्वारा पति का की-पैड मोबाइल गिरवी रख देने से दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपी ने लकड़ी के चौड़े पट्टे से बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को मस्जिदपारा स्थित एक बाड़ी परिसर की झाड़ियों में प्लास्टिक की बोरी से ढका 48 वर्षीय राजकुमारी चौहान का शव मिला था। सूचना मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका की पहचान उसके बेटे लालजीत चौहान ने की। जांच में पता चला कि राजकुमारी चौहान और उसका पति मोहब्बत चौहान 47 वर्ष पिछले करीब एक साल से वहीं रहकर काम करते थे। दोनों शराब पीने के आदी थे और आरोपी अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। घटना की रात आसपास के लोगों ने दोनों के बीच जोरदार विवाद और मारपीट की आवाजें भी सुनी थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर और सिर पर किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोट लगने तथा अत्यधिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई। इसके आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी ने उसका की-पैड मोबाइल किसी के यहां गिरवी रख दिया था। 12 जुलाई की रात मोबाइल के बारे में पूछने पर पत्नी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिससे गुस्से में उसने लकड़ी के चौड़े पट्टे से उसकी पिटाई कर दी। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का पट्टा भी बरामद कर लिया।



### पहले ससुर की भी कर चुका है हत्या

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह पहले अपने ससुर की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है कि करीब 3-4 साल पहले एक मामूली विवाद में उसने अपने ससुर की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, पैसे और गहने भी हड़पे, ट्रेलर चलाते समय आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने, उसके पैसे और गहने हड़पने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में रायगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी को महिला थाना और खरसिया पुलिस की संयुक्त टीम ने जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा गांव में ट्रेलर चलाते समय दबोचा।

जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय पीड़िता ने 14 जुलाई को महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता शहर की एक दुकान में सेल्स गर्ल के रूप में काम करती है। उसकी पहचान जनवरी 2025 में आरोपी मो. सुल्तान अंसारी उर्फ सुल्तान खान से हुई थी, जो दुकान पर सामान खरीदने आता था। बातचीत के दौरान आरोपी ने प्रेम संबंध बनाकर शादी का वादा किया। पीड़िता के पहले से विवाहित होने और पति से अलग रहने की जानकारी होने के बावजूद आरोपी ने उससे विवाह का भरोसा दिलाया। शिकायत के मुताबिक, 21 फरवरी 2025 को आरोपी पीड़िता के किराये के मकान पहुंचा और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार उसके साथ रहता रहा और कई बार दुष्कर्म किया। महिला थाना में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। जांच में पता चला कि वह रायगढ़ से फरार होकर ट्रेलर चला रहा है। सूचना मिलने पर महिला थाना और खरसिया पुलिस की संयुक्त टीम ने जांजगीर-चांपा जिले के बिर्रा में दबिश देकर आरोपी को ट्रेलर चलाते समय गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मो. सुल्तान अंसारी उर्फ सुल्तान खान 34 वर्ष निवासी गोरखा, थाना कोतरारोड़ के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने के बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिताकी धारा 69 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके गहने मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखवाकर 10 हजार रुपये अपने पास रख लिए। बाद में उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। जब पीड़िता ने शादी की बात की तो आरोपी ने विवाह से इनकार कर दिया और गुंडे भेजकर उठवा देने की धमकी दी।



## बार-बार ठप हो रही एयरटेल वाई-फाई सेवा, इंटरनेट बाधित होने से दफ्तरों का कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एयरटेल वाई-फाई (ब्रॉडबैंड) सेवा लगातार प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार इंटरनेट कनेक्शन बंद होने और नेटवर्क बाधित रहने के कारण निजी संस्थानों के साथ-साथ शासकीय कार्यालयों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इंटरनेट सेवा बाधित होने का मुख्य कारण लाइन में बार-बार फॉल्ट आना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित केबल कंपनी को इसकी जानकारी लगातार दी जा रही है, लेकिन शिकायतों के बाद भी मरम्मत कार्य समय पर नहीं किया जा रहा। कई बार अस्थायी रूप से सेवा बहाल कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही घंटों या अगले दिन फिर वही समस्या सामने आ जाती है। इंटरनेट सेवा प्रभावित होने से ऑनलाइन भुगतान, बैंकिंग कार्य, ई-ऑफिस, दस्तावेजों का ऑनलाइन आदान-प्रदान, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और विभिन्न सरकारी पोर्टलों पर होने वाले कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। वहीं निजी कार्यालयों, दुकानदारों और विद्यार्थियों को भी ऑनलाइन पढ़ाई व अन्य डिजिटल गतिविधियों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने पर उन्हें केवल ₹लाइन में तकनीकी खराबी है, जल्द सुधार कर दिया जाएगा₹ कहकर आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समस्या लगातार बनी हुई है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के नागरिकों ने संबंधित कंपनी से मांग की है कि बार-बार आने वाली तकनीकी खराबी का स्थायी समाधान किया जाए और क्षतिग्रस्त केबल या नेटवर्क व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को निर्बाध इंटरनेट सेवा मिल सके। लोगों का कहना है कि आज के डिजिटल दौर में इंटरनेट एक आवश्यक सेवा बन चुका है, इसलिए इसमें लापरवाही आमजन और कार्यालयों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

### आज निकलेगी ऐतिहासिक रथयात्रा, जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान

## रथारूढ़ हुए महाप्रभु जगन्नाथ, नवयौवन दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ की 150 वर्ष से अधिक पुरानी रियासतकालीन श्री जगन्नाथ परंपरा के तहत गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा विधि-विधान के साथ रथारूढ़ हुए। इससे पहले मंदिर में नेत्रोत्सव यानी नवयौवन दर्शन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के प्रथम दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर पूरे दिन ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष, शंखध्वनि और घंटानाद से गूंजता रहा।

स्नान पूर्णिमा के बाद अनासर अवधि पूरी होने पर भगवान के दिव्य विग्रहों का नेत्रोत्सव संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच महाप्रभु का नवयौवन श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा को पवित्र नंदीघोष रथ पर विराजमान कराया गया। रथारूढ़ होने के बाद महाप्रभु का रथ मानक चौक स्थित विमला माता मंदिर यानी मां समलेश्वरी मंदिर के समीप श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विराजमान रहा, जहां दिनभर दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। रथयात्रा को लेकर श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट, उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति, राजपरिवार और जिला प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए। श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध ट्रस्टी दिनेश कुमार षड़ंगी ने बताया कि रायगढ़ का रियासतकालीन श्री जगन्नाथ मंदिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र है। वहीं उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश मिश्रा ने बताया कि रथयात्रा के दौरान हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, महाप्रसाद वितरण और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।



### महाप्रभु आज जायेंगे मौसी के घर

अब शुक्रवार, 17 जुलाई को रायगढ़ की ऐतिहासिक रियासतकालीन रथयात्रा पूरे धार्मिक वैभव और पारंपरिक गरिमा के साथ निकलेगी। इस दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा नगर भ्रमण करते हुए मौसीबाड़ी (गुंडीचा मंदिर) के लिए प्रस्थान करेंगे। रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### सुरक्षा की रही चाक चौबंद व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक इंतजाम किएगए । साथ ही रथोत्सव में भिड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कई मार्ग को परिवर्तित किया गया। ताकि यातायात व्यवस्था बाधित ना हो सके।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास,
गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

**मुंबई।** यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।

लाइफ Style

# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे।



## हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

**लॉस एंजिल्स।** ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में बैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'



# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

## टीवी मसाला



# मम्मी आ रही हैं! टप्पू की बात सुन झूमे जेठालाल...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय कॉमेडी शोज में से एक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में दयाबेन का कैरेक्टर बहुत पॉपुलर था। इस कैरेक्टर को दिशा वकानी निभा रही थीं। वो 2017 में मैटरनिटी लीव पर गई थीं और इसके बाद उन्होंने शो में वापसी ही नहीं की। पिछले करीब 9 सालों से शो से गायब चल रहीं दर्शकों की सबसे चहेती 'दया भाभी' यानी दयाबेन आखिरकार गोकुलधाम सोसाइटी में वापसी करने जा रही हैं। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नया प्रोमो रिलीज हो गया है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। करीब 9 साल बाद शो में दयाबेन की वापसी होने जा रही है। सामने आए लेटेस्ट प्रोमो वीडियो की शुरुआत बेहद इमोशनल और धमाकेदार अंदाज में होती है। जेठालाल के बेटे टप्पू को घर में बेहद उत्साहित होकर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। टप्पू बेहद खुश होकर दादाजी (बापूजी) और जेठालाल के सामने आकर कहता है, 'क्या मम्मी आ रही हैं!' ये सुनते ही जेठालाल की आंखें फटी की फटी रह जाती हैं और उनके चेहरे पर एक बड़ी सी मुस्कान आ जाती है। अपनी प्यारी दया के आने की खबर सुनते ही जेठालाल खुशी से फूले नहीं समाते और झूमने लगते हैं। पूरे गोकुलधाम में इस बात को लेकर हलचल तेज हो गई है कि उनकी चहेती दयाबेन वापस लौट रही हैं। दया भाभी की वापसी की सुगबुगाहट सुनते ही जेठालाल तुरंत अपने परम मित्र और 'फायर ब्रिगेड' तारक मेहता के पास पहुंचते हैं।

## उड़ने की आशा में आएगा नया मोड़

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में शो से एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जो दर्शकों को चौंका सकती हैं।



प्रोड्यूसर राहुल कुमार तिवारी के इस शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ, जिसमें दिखाया गया कि जल्द ही 7 साल का लीप आने वाला है। हालांकि, सालों बाद किरदारों के चेहरे भी बदलने वाले है। हाल ही में आए प्रोमो में 7 साल बाद सब कुछ बदलने वाला है। देशमुख परिवार टूट जाता है और सचिन-सायली भी अलग हो जाते है। इतना ही नहीं, सायली की सास रेणुका का किरदार भी बदलने वाला है, जिन्होंने अपने कठोर किरदार से अपनी पहचान बनाई थी। एक्ट्रेस राधिका विद्यासागर को रेणुका के किरदार में खूब पसंद किया गया, हालांकि अब वो इस शो को अलविदा कर रही है। उनकी जगह पर अब 'मैडम सर' की पॉपुलर एक्ट्रेस सोनाली नाइक नजर आएंगी और उन्होंने खुद इसकी जानकारी सास बहू और साजिश को दी है।

# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

***नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहदरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



***40 के दशक में मिली सफलता :*** अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी।

### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

### अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।'



उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'

## अमिताभ और इरफान ने भी निभाए कोच के रोल

# फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले देखें फुटबॉल पर बनी ये फिल्में

***नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप फाइनल का क्रेज अपने चरम पर है और ऐसे में फुटबॉल पर बनी हिंदी फिल्मों को याद करना तो बनता है। जानिए कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में जो फुटबॉल स्पोर्ट के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही बॉलीवुड में फुटबॉल पर कम फिल्में बनी हों, लेकिन जो भी आई, उन्होंने दिल जरूर जीता। इनमें केके मेनन, अरशद वारसी, इरफान खान और अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों ने भूमिका निभाई है।*

### हिप हिप हुर्रे

1984 में बनी यह फिल्म एक सरल लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी है। फिल्म एक स्कूल के अस्थायी स्पोर्ट्स टीचर की कहानी है, जो बच्चों को फुटबॉल सिखाते-सिखाते उन्हें जिंदगी के सबक भी सिखाता है। इसमें राज किरण लीड रोल में हैं।

### द गोल

1999 में बनी इस फिल्म में फुटबॉल के प्रति जुनून और संघर्ष को दिखाया गया है। यह एक कम जानी-पहचानी लेकिन अलग तरह की फिल्म है, जिसमें इरफान खान अहम किरदार में हैं।



### धन धना धन गोल

इस फिल्म में लंदन में बसे भारतीयों की एक फुटबॉल टीम की कहानी है, जो भेदभाव और मुश्किलों से लड़ते हुए अपनी पहचान बनाते हैं। फिल्म में स्पोर्ट्स, इमोशन, टीम स्पिरिट का अच्छा कॉम्बिनेशन देखने को मिलता है। इसमें जॉन अब्राहम और अरशद वारसी लीड रोल में हैं।



### सिकंदर

फिल्म में कश्मीर के बैकग्राउंड पर फोकस्ड एक बच्चे की कहानी है, जिसे फुटबॉल बहुत पसंद है, लेकिन हालात उसकी जिंदगी बदल देते हैं। 2009 में बनी ये फिल्म एक इमोशनल और सोचने पर मजबूर कर देती है।

### पेनल्टी

यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक नॉर्थ-ईस्ट का खिलाड़ी फुटबॉल के जरिए अपनी पहचान के लिए लड़ता है। 2019 में बनी इस फिल्म में केके मेनन लीड रोल में हैं।

### झुंड

इस फिल्म में एक रिटायर्ड टीचर झुग्गी के बच्चों को फुटबॉल सिखाकर उनकी जिंदगी बदलने की कोशिश करता है। ये फिल्म सच्ची कहानी से प्रेरित। 2022 में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन लीड रोल में हैं।

### मैदान

2024 में आई अजय देवगन की इस फिल्म में भारतीय फुटबॉल के गोल्डन एरा की कहानी है, जहां एक कोच टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है।

## खबर संक्षेप

### बाल संप्रेक्षण गृह से भागे 6 अपचारी बालक बरामद

**अंबिकापुर।** बाल संप्रेक्षण गृह से चकमा देकर भागने के मामले में अब तक छह अपचारी बालक को पकड़ा जा चुका है जबकि शेष की तलाश जारी है। इस घटना के बाद बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए है। बड़ी बात यह है कि लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे है। बता दे कि मंगलवार की रात 8 बजे बाल संप्रेक्षण गृह से 13 अपचारी बालक फरार हो गए थे। इस दौरान यह बात सामने आई थी कि बच्चों ने परिसर के पिछले गेट में लोहे की ग्रिल को खींचकर चौड़ा कर दिया और भाग निकले। बाल संप्रेक्षण गृह से भागने वालों में दस नए और तीन पुराने अपचारी बालक शामिल है और पुराने अपचारी बालकों को इस घटना का मास्टर माइंड माना जा रहा है क्यों कि इनमें से एक अपचारी बालक 23 जून की रात भी भाग निकला था और उसे सबसे अंतिम में पकड़ा गया था। इधर इस घटना की सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस द्वारा अपचारी बालकों की तलाश की जा रही है। गांधीनगर पुलिस द्वारा अब तक 5 अपचारी बालकों को बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी ने बताया कि शेष अपचारी बालकों की तलाश चल रही है।

### रेलवे स्टेशन से तीन साल का बच्चा चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी का मामला सामने आया है। पिता के साथ आए बच्चे को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। घटना के समय पिता स्टेशन के प्लेट फ़ार्म नम्बर एक पर सो रहा था। अब इस घटना की शिकायत पिता ने पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः कोरिया जिले पटना डबरीपानी निवासी 40 वर्षीय कुन्नी लाल आ. तीरथ सिंह शहर के अजिरमा पानी टंकी के पास रंगा के किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। युवक का तीन साल का बच्चा है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई को कुन्नी लाल लाल मेमू ट्रेन से डबरी पानी गया था और अपने तीन साल के बेटे को लेकर मेमू से वापस लौटा। अंबिकापुर आने के दौरान ट्रेन में उसकी पहचान एक अन्य व्यक्ति से हुई थी जिसने स्टेशन में पहुंचने के बाद उन्हें अंडा खिलाने की बात कही। ऐसे में अपने बेटे के साथ युवक बाहर आया और अंडा खाने के बाद वापस स्टेशन में प्लेट फार्म नम्बर एक पर सो गया।

### वन भूमि पर अवैध जुताई करते ट्रैक्टर जब्त

**रामानुजगंज।** जिले में वन भूमि पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया है। वनमंडलाधिकारी आलोक वाजपेयी के निर्देश और वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. दिलरुबा बानो के नेतृत्व में यह कार्रवाई विजयनगर क्षेत्र में की गई।जानकारी के अनुसार, विजयनगर कटानपारा निवासी जबार अंसारी आ. जसमुद्दीन अंसारी द्वारा वन भूमि कक्ष क्रमांक पी-3490 में बीती रात करीब 1 बजे ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से जुताई की जा रही थी।

## मुख्यमंत्री ने ट्री एटीएम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# निर्धारित लक्ष्य से अधिक लगाए गए पौधेः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वन विभाग की अभिनव पहल से जिलेभर में निःशुल्क पौधों का होगा वितरण
- पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

आमतौर पर एटीएम का नाम सुनते ही लोगों के मन में पैसे निकालने वाली मशीन की तस्वीर उभरती है, लेकिन जशपुर वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए ट्री एटीएम की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया हेलीपैड परिसर में इस अनूठे ट्री एटीएम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं ट्री एटीएम से आंवला का पौधा प्राप्त किया तथा उपस्थित लोगों को भी पौधों का वितरण किया। यह मोबाइल ट्री एटीएम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर आम नागरिकों को निःशुल्क पौधे वितरण करेगा और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी देगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अभिनव पहल के लिए वन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि जशपुर वन विभाग द्वारा शुरू किया गया 'ट्री एटीएम' लोगों को सहज रूप से पौधे उपलब्ध कराने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वर्षा ऋतु पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है और इस पहल के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे आसानी से उपलब्ध होंगे, जिससे अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान ने पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार किया है। इसी अभियान से प्रेरित होकर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्षों में निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक पौधे लगाए गए हैं। पहले वर्ष ढाई करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य था, जिसके विरुद्ध लगभग साढ़े तीन करोड़ पौधों का रोपण किया गया। इसी प्रकार इस वर्ष भी ढाई करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसे भी लक्ष्य से अधिक पूरा करने का संकल्प लिया गया है।






### आज का पौधा, पीढ़ियों की छांव

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत शुरू किए गए ट्री एटीएम को आज का पौधा आने वाली पीढ़ियों की छांव के प्रेरक संदेश के साथ रवाना किया गया। इस पहल के तहत केवल पौधों का वितरण ही नहीं किया जाएगा, बल्कि पौधा प्राप्त करने वालों को पौधरोपण की सही विधि, नियमित देखभाल तथा पौधे को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने के उपायों की भी जानकारी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक पौधे जीवित रहकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर भरत सिंह, उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हेलीपैड पर सीएम का स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को विकासखंड कांसाबेल स्थित अपने गृह ग्राम बगिया पहुंचे। हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भरत सिंह, उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों अधिकारी शामिल रहे।



# एनएच 43 पर लोरो घाट में भीषण सड़क दुर्घटना

- ट्रक में फंसे तीन लोगों का किया गया रेस्क्यू, बची जान
- कटर मशीन से ट्रक का केबिन काटकर सुरक्षित निकाले गए तीनों घायल

**जशपुरनगर।** 15 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे जिले के लोरो घाट में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। धनबाद (झारखंड) से कोयला लेकर रायपुर जा रहा टाटा ट्रक क्रमांक जेएच-02 एएम -6041 लोरो घाट में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी सुरक्षा रेलिंग से टकरा गया।

दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक, वाहन मालिक सहित कुल तीन व्यक्ति ट्रक के केबिन में गंभीर रूप से फंस गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना दुलदुला पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग, डॉयल-112, अग्निशमन दल एवं एंबुलेंस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस मितान के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भी पूरी तत्परता एवं मानवता का परिचय देते हुए रेस्क्यू अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। लगभग तीन घंटे तक चले कठिन रेस्क्यू अभियान में कटर मशीन की सहायता से ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन एवं स्टेरिंग के हिस्से को सावधानीपूर्वक काटकर अंदर फंसे तीनों घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी घायलों को तत्काल उपचार हेतु शासकीय अस्पताल, जशपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है तथा उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

# स्मृद्धि एम-कैड योजना से 13 गांवों में होंगी सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




जिले के कांसाबेल विकास खंड के ग्राम दोकड़ा में भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय और छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान किसानों के लिए समृद्धि की पाठशाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, कलेक्टर रोहित व्यास, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के उप संचालक शुभम पटोरी, घनश्याम पटेल, जनप्रतिनिधि और 13 ग्राम पंचायत के सरपंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं और किसान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा किसानों के लिए बहुत अच्छी परियोजना की शुरुआत की गई है जिसमें किसानों को रबी और खरीफ की फसल लेने में आसानी होगी और किसान आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगे। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने भी किसानों और महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसानों के लिए अच्छी परियोजना है जिसका लाभ हमारे जशपुर के किसानों को मिलेगा। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि किसानों के लिए समृद्धि की पाठशाला का आयोजन किया गया है जिसमें में 13 गांव के किसान शामिल हुए हैं। उप संचालक शुभम पटोरी ने कहा कि किसानों को वर्षा के पानी पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा किसान आसानी से दो या तीन फसल ले सकेंगे और किसानों की आय में वृद्धि होगी। समृद्धि योजना के स्टेट नोडल ऑफिसर आलोक अग्रवाल ने बताया कि एमकैड कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में किया गया था।

### सीएम हेल्पलाइन का असर, तीन माह से बंद सोलर पेयजल संयंत्र हुआ चालू

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत तेंदूमुड़ी के वार्ड क्रमांक 4 में तीन माह से बंद पड़े सोलर पेयजल संयंत्र को शिकायत के बाद तत्काल सुधार कर पुनः चालू किया गया। इससे लगभग 50 परिवारों को पेयजल संकट से राहत मिली है। ग्राम तेंदूमुड़ी निवासी राजेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कर बताया कि वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 10 वर्ष पूर्व स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र पिछले तीन माह से खराब पड़ा है। संयंत्र बंद होने के कारण वार्ड के करीब 50 परिवारों को पेयजल के लिए प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों को दूर.दराज के जलस्त्रोतों से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की अतिरिक्त खपत होती थी। शिकायत प्राप्त होते ही संबंधित विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तकनीकी दल को मौके पर भेजा। निरीक्षण में पाया गया कि संयंत्र में स्थापित सबमर्सिबल पंप खराब होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद थी। इसके बाद 17 जून को नया सबमर्सिबल पंप, आवश्यक पाइप एवं नल स्थापित कर सोलर पेयजल संयंत्र को पुनः कार्यशील बना दिया गया। मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही संयंत्र से नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गईए जिससे सभी प्रभावित परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा।

# लोहरसिंग में 42 एकड़ में बनेगा अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**पुसौर।** लोहरसिंग गांव में करीब 42 एकड में स्पोर्टस कॉम्लेक्स का निर्माण चालू हो गया है। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी अनुसार पुसौर विकासखंड के ग्राम लोहरसिंग में अब खेल की दुनिया में नया इतिहास लिखा जाएगा। यहां 42 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन खेल युवा कल्याण विभाग ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है और प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी कर दी गई है।



खेल युवा कल्याण विभाग नया रायपुर के पत्र के तहत 8 सितंबर 2025 को यह स्वीकृति प्रदान की गई। यह योजना बजट वर्ष 2024.25 के मद क्रमांक 932 मांग संख्या के अंतर्गत 200.00 लाख के बजट प्रावधान में रखी गई है। लोहरसिंग में 42.00 एकड़ भूमि पहले ही चिन्हित कर ली गई थी। निर्माण कार्य की डिजाइन और प्लानिंग के लिए कोलाज डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड को कंसल्टेंट नियुक्त किया गया है। इस पूरे कॉम्प्लेक्स को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। पहले चरण में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का प्रशासनिक भवन स्टाफ क्वार्टर और छात्रावास बनाया जाएगा। इसमें 50 पुरुष और 50 महिला खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था होगी। कुल मिलाकर लगभग 12185 वर्गमीटर क्षेत्र में यह भव्य संरचना तैयार होगी। इस कार्य के लिए मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर परिक्षेत्र ने 09.01.2026 को 832.12 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति दे दी है। अभी यह कार्य निविदा दर स्वीकृति की प्रक्रिया में है। दूसरे चरण में पूरे परिसर का साइट डेवलपमेंट किया जाएगा। इसके तहत सीसी रोड पेवर ब्लॉक भूमिगत नाली सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट गार्ड रूम जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस चरण के लिए भी मुख्य अभियंता बिलासपुर द्वारा 09.01.2026 को 700.17 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और यह भी निविदा प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। तीसरा चरण सबसे महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इसमें सभी प्रकार के खेलों के लिए मैदान और अधोसंरचना तैयार की जाएगी। प्रस्ताव के अनुसार यहां बास्केटबॉल कोर्ट, रोलिंग और रोलबॉल के लिए स्केटिंग रिंक, दो टेनिस कोर्ट, दो वॉलीबॉल कोर्ट, हॉकी ग्राउंड, आर्चरी रेंज, क्रिकेट मैदान, दो कबड्डी कोर्ट, दो खोण्खो कोर्ट और हैंडबॉल का मैदान बनेगा। इसके साथ ही एथलेटिक्स के लिए 400 मीटर का ट्रैक और एथलेटिक पवेलियन भी बनाया जाएगा।

# साइबर ठगी का आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के पुलिस कप्तान डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस के द्वारा ठगी जैसे मामले में आरोपियों की धर पकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया गया है, इसी क्रम में जशपुर पुलिस के द्वारा थाना सिटी कोतवाली जशपुर क्षेत्रांतर्गत पुलिस वर्ष 2022 में घटित साइबर ठगी के एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लगभग चार वर्ष से फरार आरोपी को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली जशपुर में धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता एवं 66-डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है।

### क्या था मामला

प्रार्थी रामलोचन गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 एवं 10 अक्टूबर 2022 को अज्ञात व्यक्ति ने स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर पैन कार्ड अपडेट करने तथा नेट बैंकिंग चालू कराने का झांसा दिया। आरोपी ने विश्वास में लेकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 3 लाख 25 हजार रु. की राशि उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाल ली। प्रकरण दर्ज होने के बाद जशपुर पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों एवं डिजिटल ट्रांजेक्शनों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान यह पता चला कि ठगी की राशि विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित की गई थी, जिनमें एक फिनो पेमेंट बैंक का खाता भी शामिल था।

### आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम आरोपी की तलाश में झारखंड रवाना हुई। लगातार तकनीकी निगरानी एवं पतासाजी के बाद नील कण्ठ दास उम्र 24 वर्ष, निवासी धनबाद (झारखंड) को हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया, जहां पूछताछ में उसने साइबर ठगी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2022 में पैन कार्ड अपडेट कराने का झांसा देकर पीड़ित से ठगी की थी। उसके द्वारा अपने नाम से फिनो पेमेंट बैंक में खाता खुलवाया गया था, जिसमें ठगी की राशि में से 25 हजार रुपए जमा हुए थे। उक्त राशि को उसने एटीएम कार्ड के माध्यम से चार बार में निकालकर अपने निजी कार्यों में खर्च कर दिया। आरोपी ने यह भी बताया कि ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नंबर एवं मोबाइल फोन को घटना के बाद नष्ट कर दिया था।

### पूरे नेटवर्क की जांच जारी

आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने ठगी में प्रयुक्त एटीएम कार्ड, फिनो बैंक खाते से लिंक सिम कार्ड तथा पैन कार्ड विधिवत जब्त किए हैं। मामले में अन्य बैंक खातों, सहयोगियों तथा साइबर ठगी के पूरे नेटवर्क की जांच जारी है। मामले से जुड़े अन्य आरोपीयों को भी पुलिस ने चिन्हित कर लिया है, जिनकी पतासाजी जारी है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## पुलिस मितान योजना के उद्देश्य, दायित्व एवं उपयोगिता पर चर्चा

# पुलिस मितानों को टी-शर्ट व डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर वितरित

**जशपुरनगर।** पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने एवं पुलिस तथा आमजन के बीच विश्वास एवं सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम से लगभग 10 से 11 स्वयंसेवकों को पुलिस मितान के रूप में जोड़ा गया है। वर्तमान में जिले में कुल 5,012 पुलिस मितान सक्रिय हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच सेतु बनकर कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, साइबर जागरूकता, नशा मुक्ति तथा अन्य जनहितकारी अभियानों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में थाना कुनकुरी, कांसाबेल, तपकरा, फरसाबहार तथा चौकी दोकड़ा, उपकछार एवं करडेगा क्षेत्र के लगभग 1000 पुलिस मितानों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पुलिस मितानों को ₹पुलिस मितान₹ टी-शर्ट एवं डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर वितरित किए गए। पुलिस मितानों को प्रदान किए गए डिजिटल क्यूआर कोड स्टिकर उनके दोपहिया वाहनों के सामने लगाए जाएंगे, कोई भी नागरिक उक्त क्यूआर कोड को अपने मोबाइल फोन से स्कैन कर संबंधित पुलिस मितान का नाम, ग्राम, संपर्क नंबर तथा अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेगा, इससे ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को अपने क्षेत्र के पुलिस मितान की पहचान करने और उनसे सीधे संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी। ग्राम में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थिति, सड़क दुर्घटना, आपातकालीन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता, कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या, संदिग्ध गतिविधि की सूचना, साइबर ठगी, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों, नशा संबंधी शिकायत, लापता व्यक्ति, प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य किसी आपात स्थिति में ग्रामीण तत्काल अपने क्षेत्र के पुलिस मितान से संपर्क कर आवश्यक सहायता, मार्गदर्शन एवं पुलिस तक त्वरित सूचना पहुंचाने का कार्य कर सकेंगे।




### यातायात डीएसपी केआर चौहान ने किया प्रेरित

यातायात उप पुलिस अधीक्षक केआर चौहान ने युवाओं एवं पुलिस मितानों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतर परिश्रम एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जशपुर पुलिस का उद्देश्य केवल चालानी कार्रवाई करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।









खबर संक्षेप



## स्कूल सामाग्री पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के संस्थापक एवं समाजसेवी रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी के विशेष मार्गदर्शन में विगत 14 जुलाई को शहर के सतीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों के लिए पुस्तक एवं शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल, रोटेरियन रोशन अग्रवाल एवं क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बच्चे हुए प्रफुल्लित इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सचिव रोटेरियन नयन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 150 जरूरतमंद बच्चों को बुक, कॉपी, पेन एवं अन्य आवश्यक स्कूली सामग्री का वितरण किया गया। अपनी आवश्यक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने रोटरी क्लब की इस नेक पहल की सराहना की।

## किशोरियों को मिलेगा एचपीवी वैक्सीन की सुरक्षा

**रायगढ़।** जिले में सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत उन 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हैए लेकिन 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। यह टीका जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालय एवं अन्य शासकीय टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षितए प्रभावी और विश्वसनीय है तथा यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब तक इस वैक्सीन से किसी भी गंभीर दुष्प्रभाव की पुष्टि नहीं हुई है।

## अब जिले में खुलेंगे पशु औषधि विक्रय केन्द्र

**रायगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र पीएम केएसकी तथा सहकारी समितियों सीएस के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर पर एक.एक पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उप संचालक पशु चिकित्सा से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियां पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित करने के लिए पात्र होंगी। इसके लिए न्यूनतम 120 वर्गफुट स्थान स्वयं के स्वामित्व में अथवा किराये पर उपलब्ध होना अनिवार्य है। साथ ही केन्द्र में बी.फार्मा अथवा डी.फार्मा डिग्रीधारी व्यक्ति की नियुक्ति करना आवश्यक होगा तथा राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण से औषधि विक्रय लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य रहेगा। शासन द्वारा स्वीकृत आवेदकों के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही पशु औषधि घटक से संबंधित संचालन दिशा.निर्देश एवं अन्य जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विभाग द्वारा विभागीय वेबसाईट में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 4 बजे के मध्य ऑनलाइन प्रदर्शन एवं शैक्षणिक वीडियो भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे इच्छुक आवेदक आवेदन प्रक्रिया एवं योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### जगह-जगह हुआ पूजा-अर्चन, महिला भक्तों की रही अहम भूमिका

# जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ नगर भ्रमण में निकले महाप्रभु जगन्नाथ, निकाली गई रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान गुरुवार को सरिया में भी पुरी उड़ीसा के तर्ज पर महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुए भक्तजन नगर के जगन्नाथ मंदिर में एकत्र हुए । हर बार की तरह इस बार भी महिला श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान को गजपति राजा के सम्मान से सुशोभित किया गया। प्रथम पूजा पाठ ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के कर कमलों से संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ रथ यात्रा प्रारंभ किया गया। इस मौके पर महाप्रभु जगन्नाथ की प्रतिमा जैसे ही मंदिर परिसर से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जय जगन्नाथ के जय घोष के साथ पुष्प वर्षा करने लगे। जगन्नाथ रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्किए आस्था, समानता और लोक परंपराओं का अद्भुत संगम है। यहां ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान गजपति महाराजा के पद से सुशोभित होकर उनके द्वारा छेरा पहरा की रस्म निभाई गई। उनका रस्म यह संदेश देती है कि भगवान के दरबार में राजा और सामान्य व्यक्ति के बीच कोई भेद नहीं है। वही भगवान का मंदिर से बाहर निकल कर भक्तों के बीच आना इस बात का प्रतीक माना जाता है कि ईश्वर स्वयं अपने भक्तों तक पहुंचाते हैं। यही कारण है कि हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग भगवान के दर्शन के लिए घंटों मंदिर परिसर में खड़े रहे। जगन्नाथ रथ यात्रा एक ऐसा दुर्लभ पर्व है। जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के लिए सामने प्रकट होते हैं। वह अपने भक्तों को मंदिर के अंदर नहीं बुलाते वरनए स्वयं अपने स्थान से उठकर अपने भक्तों के समीप पहुंचते हैं। यही कारण है कि उनका रथ ही परमधाम और मंदिर बन जाता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच कर इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बनने की इच्छा रखते हुए भगवान के दर्शन के लिए उमड़े। माताओं ने नवजात शिशु को भगवान के चरण स्पर्श करने में लग रहे। ऐसी मान्यता है कि बच्चों को भगवान के चरण स्पर्श करने से रोग दोष आदि दूर हो जाते हैं। इसीलिए माताएं पुष्पमाला, श्रीफल के साथ भगवान के दर्शन के लिए उमड़ी। महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि सरिया के ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा पुरी उड़ीसा के नियमानुसार संपन्न होता है। तथा भगवान के भक्ति में शक्ति से हर मनोकामना पूर्ण होती है। रथ यात्रा जगन्नाथ मंदिर पारा, सोनार पारा, रामाबंध पारा तथा ग्राम पुजेरीपाली से निकाल कर महात्मा गांधी चौक के सामने लाया गया। और यहां पर रथ यात्रा का मेला आयोजित किया गया। यहां करीब 4 घंटे श्रद्धालुओं के दर्शन व पूजा पाठ के रखा गया। रथ यात्रा में नगर सहित आसपास के दंपतियों ए युवाओं, छात्र-छात्राओं की भीड़ रही। रथ यात्रा के पावन अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने नगर सहित अंचल वासियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## जगन्नाथ पूरी की तर्ज पर कोसीर में धूमधाम से मना रथयात्रा




**कोसीर।** कोसीर मे भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा बडे ही श्रद्धा के साथ मनाया गया जिसको लेकर गांव सहित आसपास के लोगो मे काफी उत्साह रहा कोसीर की रथयात्रा इस क्षेत्र की विशेष रथयात्रा व उत्सव मानी जाती है गौटिया पारा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकल गांव की विशेष गलियों मे भगवान जगन्नाथ स्वामी बडे भाई बलभद्व व बहन शुभद्रा को रथ मे बैठा कर पूरी विधि विधान से पूजा पाठ कर भ्रमण किया गया। जहाँ जगह जगह मे भगवान जगन्नाथ स्वामी की दर्शन कर पूजा पाठ कर जयजयकारे लगाए गए इस तरह से गांव मे भक्ति पूर्ण महौल बना रहा। पूरे गावं सहित आसपास दूर दराज से लोग भगवान की दर्शन के लिए पहूचे जहां पहूचकर दर्शन कर भगवान से आशीर्वाद लिए जिसके फलस्वरूप काफी संख्या मे लोग पहुंचे जिसके फलस्वरूप मेला जैसे महौल रहा छोटे छोटे फूटकर ब्यापारी भी पहुंच कर रौनक को चकाचौध किए। जसगान नृत्य पार्टी ने लोगो की मन मोहा रथ यात्रा उत्सव में पहुंचे, सभी ने नृत्य देख काफी खुशी जाहिर की।

## रीति-रिवाज के साथ नगर भ्रमण पर निकले जगन्नाथ महाप्रभु



**बरमकेला।** नगर में भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथ यात्रा इस वर्ष भी परंपरागत रीति.रिवाजों और धार्मिक आस्था के साथ भव्य रूप में संपन्न हुई। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा की सुसज्जित प्रतिमाओं को आकर्षक रथ में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। रथ यात्रा के शुभारंभ के साथ ही पूरा नगर जय जगन्नाथ के गगनभेदी उद्घोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़, भक्ति संगीत, शंखध्वनि और जयकारों के बीच नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा से पूर्व मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा का विशेष श्रृंगार किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा.अर्चना के बाद भगवान को रथ पर विराजमान कराया गया। जैसे ही रथ मंदिर परिसर से निकला श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। कई श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर प्रभु का अभिवादन किया तो अनेक भक्तों ने रथ की रस्सी खींचकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता हैए इसलिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रथ यात्रा में नगर सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवान की आराधना की युवा पूरे जोश के साथ जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल रहे, वहीं बुजुर्गों ने भी बड़ी श्रद्धा के साथ प्रभु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों में भी इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। पूरा नगर श्रद्धा, आस्था और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। रथ यात्रा का सबसे भावुक और आकर्षक क्षण तब देखने को मिला जब बड़ी संख्या में अभिभावक अपने छोटे.छोटे बच्चों को गोद में लेकर रथ तक पहुंचे। पुजारियों ने बच्चों को भगवान श्री जगन्नाथ के श्रीचरणों में स्पर्श कराकर उनका आशीर्वाद दिलाया। कई परिवारों ने इसे अपने बच्चों के जीवन का पहला धार्मिक संस्कार मानते हुए प्रभु के चरणों में समर्पित किया। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद बच्चों के जीवन में सुखए समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

## शिक्षा ही समाज की बड़ी ताकतः शिक्षित चौहान



**पुसौर।** शिक्षा ही समाज की बडी ताकत है इस तथ्य को समझने और अंगीकार करने वाले मंडल उपाध्यक्ष शिक्षित चौहान ने छात्रों को प्रोत्साहित करने स्कूल पहुंचे। उन्होंने स्कूलों में जाकर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भेंट की और उनका मुंह मीठा कराया। शिक्षित चौहान के इस सेवा भाव की चर्चा न सिर्फ भाजपा संगठन में हो रही है, बल्कि चौहान परिवार सहित क्षेत्र के आम लोगों के बीच भी हो रही है। जानकारी के अनुसार शिक्षित चौहान मंडल उपाध्यक्ष बनने के बाद से लगातार आम जनता के बीच सक्रिय हैं। वे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराने में जुटे हुए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नए राशन कार्ड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से तत्काल कराने की पहल वे करते रहे हैं, जिससे कई जरूरतमंदों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है।

## चांदमारी स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में आज 15 जुलाई को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। शासन के मंशानुरूप विभागीय निर्देश अनुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन कर उनके 16 सदस्यों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात शालेय परिवार द्वारा सभा में उपस्थित सभी जनों के समक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कसेरा, उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी नाग, सचिव .प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव, स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचित सदस्य वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नगर पालिक निगम रायगढ़ अमित शर्मा, वरिष्ठ पूर्व विद्यार्थी एवं समुदाय के अग्रिम कार्यकर्ता गुलाम रहमान, विद्यालय के शिक्षक, प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी एवं समस्त सदस्य अभिभावकगण, सरिता गौतम, सुभान वारसी, रिझो उरांव, कुन्ती सारथी, सुकान्ति साहू, दामिनी देवांगन, अरुण कुमार तिवारी, शम्भू कसेरा, रूबीना, शौकीलाल यादव का स्वागत पुष्प माला से करते हुए उनका परिचय दिया गया। इसके बाद 31मई को शासकीय सेवानिवृत्त हुए शिक्षाविद् श्री लोकनाथ सिदार ;प्रधान पाठकए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अम्बेडकर आवास रायगढ़द्ध के शासकीय सेवा यात्रा के बारे में बताते हुए उनका पार्षद अमित शर्मा एवं अतिथिगण द्वारा पुष्प माला, शाल, श्रीफल से स्वागत किया गया। इसी अनुक्रम में शालेय परिवार चांदमारी द्वारा भी पुष्प माला शाल, श्रीफल द्वारा स्वागत किया गया।

इस सभा में उपस्थित चेतन सिदार का भी पुष्प माला से स्वागत किया गया। लोकनाथ सिदार के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गजानन प्रसाद साहू ने सारगर्भित प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने विद्यालय में रिक्त विषय हिन्दी, संस्कृत, वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, राजनीति शास्त्र के पदों की पूर्ति हेतु कार्यालयीन स्टाफ समेत पदों की पूर्ति के लिए चर्चा की गई।

प्रधान पाठक डॉ मनीषा त्रिपाठी एवं प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव के द्वारा शाला हित में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए शाला विकास के सभी कार्यों हेतु प्रभारी बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। शिक्षाविद् लोकनाथ सिदार ने भी अपनी सेवा यात्रा के बारे में बताते हुए शाला विकास हेतु कार्य करने की बात कही और सुझाव दिए। प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने शाला में संचालित सभी योजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और वार्ड के सभी बच्चों को चांदमारी विद्यालय में प्रवेश हेतु अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने एवं आभार प्रदर्शन इरयल टोप्पो ने किया। इस बैठक में प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेण्डरी के शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की उपस्थिति रही। शालेय परिवार द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। अंत में प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव जी ने बैठक समाप्ति की घोषणा की।



## सड़क किनारे डंप राख के ढेर से बढ़ी परेशानी, हवा में उड़कर पहुंचा रहे नुकसान

**पुसौर।** सड़क किनारे अवैध रूप से डंप किए गए राख के ढेरों के कारण राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य सड़क के ठीक किनारे सफेद और काले रंग की राख की बड़ी-बड़ी पातियां लगी हुई हैं। इसके पीछे मिट्टी के भी ऊंचे-ऊंचे टीले दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा चलने पर राख उड़कर सीधे सड़क पर और घरों में जाती है। इससे न सिर्फ आवागमन में दिक्कत होती है बल्कि सांस और आंखों की बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि राख उड़ने से विजिबिलिटी कम हो जाती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि राख को खुले में रखने से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। बरसात में यही राख बहकर खेतों और नालियों में चली जाएगी जिससे जल और जमीन दोनों प्रदूषित होंगे। लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत संज्ञान लेकर राख को सड़क किनारे से हटवाए और उसे ढककर रखने या निर्धारित स्थान पर डंप कराने के निर्देश दे। साथ ही जिनके द्वारा यह राख यहां डाली गई है उन पर कार्रवाई भी की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञात हो कि यह राख पुसौर के मंषाटार के आसपास है, बताया जाता है कि यह जलचर भूमि था जो अब किसी के नाम में दर्ज है वहीं कई लोग अपने निजी खेतों में भी इसे पाटने के लिये रखे हैं इसकी स्वीकृति कैसे मिली है और कहां से यह राख आया यह किसी के जानकारी में नहीं है लेकिन बहरहाल उडते राख के लिये लोग परेशान है।



## बटाऊपाली अ के स्कूलों का पंचायत प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

**कोसीर।** ग्राम पंचायत बटाऊपाली मे पंचायत प्रतिनिधिओं ने स्कूल का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से स्पष्ट रुप से चर्चा किया। शिक्षा, गुणवता पूर्ण भोजन का जायजा लिया। स्कूल मे शिक्षकों की नियमित उपस्थिति स्कूल में किसी भी प्रकार सुलभ शौचालय जैसे समस्या इत्यादि जैसे स्थिति से रुबरु हुए जहां सभी स्थिति सामान्य पाया गया माध्यान्ह भोजन सहित कई विशेष तथ्य को स्पष्ट तरीके से देखा गया।

शिक्षकों से सलाह मशवरा कर बच्चे हम सबके भविष्य है, इसलिए इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी हम सब की है। इसलिए इस पर विशेष ध्यान रखने की बात कही। इस विशेष अवसर पर सरपंच अनिता फिरत, रत्नाकर उपसरपंच शिवांगी आशीष दास पंचगण वरिष्ठ नागरिक गण दयाराम लहरे गूलाब सिह जगदीश दास उमेश बंजारे सतीश टंडन जयप्रकाश रविशंकर राजूदास महंत सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।




### जिला प्रशासन की कार्रवाई का धरातल पर नहीं दिख रहा असर

# रेत माफिया बेखौफ, महानदी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

बरसात की दस्तक के साथ ही नगर पंचायत चंद्रपुर क्षेत्र में मुक्तिधाम के पीछे एक बार फिर कथित अवैध रेत खनन का खेल तेज होता नजर आ रहा है। महानदी में जलस्तर बहुत कम होने की वजह से नदी में पानी कम है जिसका फायदा उठाते हुए रेत माफियाओं ने मुक्तिधाम के पीछे महानदी के बीचों.बीच दर्जनों ट्रैक्टरों से रेत निकालने का सिलसिला जारी कर दिया है। नदी में पानी आने की शुरुआत हो चुकी हैए इसके बावजूद खनन कार्य रुकने का नाम नहीं ले रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में रेत खनन पर प्रतिबंध लागू होने के बावजूद कुछ लोग नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम रेत का उत्खनन कर रहे हैं। इससे शासन को राजस्व की हानि होने के साथ.साथ नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर नदी के भीतर कैसे पहुंच रहे हैंघ् क्या संबंधित विभागों को इसकी जानकारी नहीं हैए या फिर कार्रवाई के अभाव में रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हो चुके है। विशेषज्ञों का मानना है कि बरसात के दौरान नदी में खनन करने से अचानक जलस्तर बढ़ने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। साथ ही अनियंत्रित उत्खनन से नदी के बहावए तटों और जैव विविधता पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन खनिज विभाग और राजस्व विभाग से मांग की है कि महानदी में चल रहे कथित अवैध रेत उत्खनन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बारिश के मौसम में नदी से रेत निकासी पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाए।



मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में अवैध रेत खनन की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विनय कश्यप
एसडीएम डभरा

